# 2025
# भूगोल
## (Geography)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 9 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में एवं प्रश्न संख्या 23 तथा 24 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 25 एवं 26 मानचित्र कार्य से सम्बन्धित हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के लिये निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iv) उपयुक्त रेखा-मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए।

(v) दिए गये मानचित्रों को प्रश्न-पत्र से फाड़कर, उन पर उत्तर अंकित कीजिए तथा मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ अवश्य संलग्न कीजिए।

(vi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न के उत्तर लिखने के लिए दिये गये हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Nos. 1 to 8 are Multiple Choice Type Questions. Question Nos. 9 to 16 are Very Short Answer Type Questions, to be answered in about 20 words each. Question Nos. 17 to 22 are Short Answer Type Questions, to be answered in about 50 words each and Question Nos. 23 and 24 are Long Answer Type Questions, to be answered in about 150 words each. Question Nos. 25 and 26 are map related questions.

(iii) Marks allotted to all the questions are mentioned against them.

(iv) Illustrate your answers with suitable sketch maps and diagrams.

(v) Tear off the supplied maps from the question paper, indicate answers on them and compulsorily attach them firmly to your answer book.

(vi) For visually impaired examinees, questions have been given separately for writing answers in lieu of map work.

## [ बहुविकल्पीय प्रश्न ]
## [Multiple Choice Type Questions]
**निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :**

1. निम्नलिखित में से कौन एक मानव भूगोल का उपागम नहीं है ? **1**

(अ) मात्रात्मक क्रान्ति

(ब) उत्तर आधुनिकवाद

(स) स्थानिक संगठन

(द) क्षेत्रीय विभेदन

*Which one of the following is not an approach of Human Geography?* **1**

(a) Quantitative Revolution

(b) Post-modernism

(c) Spatial organisation

(d) Areal differentiation

2. कोलखोज का क्या तात्पर्य है ? **1**

(अ) सहकारी कृषि

(ब) रोपण कृषि

(स) सामूहिक कृषि

(द) कारखाना कृषि

*What is meant by Kolkhoz?* **1**

(a) Cooperative farming

(b) Plantation farming

(c) Collective farming

(d) Karkhana farming

3. अधोलिखित में से किस प्रकार की बस्तियाँ सड़क, नदी या नहर के किनारे होती हैं ? **1**

(अ) वृत्ताकार

(ब) रेखीय

(स) वर्गाकार

(द) आयताकार

*Which of the following types of settlements are there along road, river or canal?* **1**

(a) Circular

(b) Linear

(c) Square

(d) Rectangular

4. निम्नलिखित नगरों में किसे संयुक्त राज्य अमेरिका में 'जंग का कटोरा' के रूप में जाना जाता है ? **1**

(अ) शिकागो

(ब) स्पैरोज प्वाइंट

(स) क्लीवलैंड

(द) पिट्सबर्ग

*Which one of the following cities is known as War Bowl in USA?* **1**

(a) Chicago

(b) Sparrows Point

(c) Cleveland

(d) Pittsburgh

5. निम्नलिखित नगरों में से कौन नदी तट पर अवस्थित नहीं है ? **1**

(अ) आगरा

(ब) पटना

(स) भोपाल

(द) कोलकाता

*Which of the following cities is not located at the river coast?* **1**

(a) Agra

(b) Patna

(c) Bhopal

(d) Kolkata

6. निम्नलिखित में किस स्थान पर प्रथम परमाणु ऊर्जा स्टेशन स्थापित किया गया ? **1**

(अ) नरोरा

(ब) राणा प्रताप सागर

(स) तारापुर

(द) कलपक्कम

*In which of the following places was the first atomic power station located?* **1**

(a) Narora

(b) Rana Pratap Sagar

(c) Tarapore

(d) Kalpakkam

7. निम्नलिखित में कौन बन्दरगाह भारत के पश्चिमी तट पर नहीं है ? **1**

(अ) मंगलुरु

(ब) हल्दिया

(स) कांदला

(द) मोरमुगांव

*Which of the following ports is not on the western coast of India?* **1**

(a) Mangaluru

(b) Haldia

(c) Kandla

(d) Marmagao

8. नीचे कथन एवं कारण दिये गये हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : **1**

**कथन :** धान, गेहूँ और दलहन की फसलों के लिये जलोढ़ मिट्टी उपयोगी है।
**कारण :** जलोढ़ मिट्टी अधिक नमी के लिये प्रसिद्ध है।

(अ) कथन सही है

(ब) कारण सही है

(स) कथन एवं कारण दोनों सही हैं एवं कारण कथन की उचित व्याख्या करता है

(द) कथन एवं कारण दोनों सही हैं परन्तु कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

*Given below are statement and reason. Give answer by selecting correct option:* **1**

**Statement:** Alluvial soil is useful for paddy, wheat and pulses.
**Reason:** Alluvial soil is famous for moisture.

(a) Statement is correct

(b) Reason is correct

(c) Both statement and reason are correct and reason correctly explains the statement

(d) Both statement and reason are correct but reason does not explain the statement.

## [ अति लघु उत्तरीय प्रश्न ]
## [Very Short Answer Type Questions]

9. रैटजेल के शब्दों में मानव भूगोल की परिभाषा दीजिए। **2**

*Define Human Geography in the words of Ratzel.* **2**

10. मानव विकास के किन्हीं दो उपागमों का उल्लेख कीजिए। **2**

*Mention any two approaches of human development.* **2**

11. निर्वाह कृषि से क्या तात्पर्य है ? **2**

*What is meant by subsistence agriculture?* **2**

12. खनन को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं ? **2**

*What are the factors influencing mining?* **2**

13. सफेद कालर एवं नीला कालर श्रमिकों में विभेद कीजिए। **2**

*Differentiate between white collar and blue collar workers.* **2**

14. उत्तरी भारत के किन्हीं दो गैरिसन (छावनी) नगरों का उल्लेख कीजिए। **2**

*Mention any two garrison cities of North India.* **2**

15. भारत के दो महत्वपूर्ण मैंगनीज उत्पादक राज्यों के नाम लिखिए। **2**

*Write the names of two important Manganese producing states of India.* **2**

16. भारत के दो राज्यों का उल्लेख कीजिए जो वायु ऊर्जा उत्पादन की अनुकूल परिस्थिति रखते हैं। **2**

*Mention two states of India which have favourable conditions for production of wind energy.* **2**

## [ लघु उत्तरीय प्रश्न ]
## [Short Answer Type Questions]

17. रोपण कृषि पर एक टिप्पणी लिखिए। **4**

*Write a note on plantation farming.* **4**

18. कच्चे माल पर आधारित उद्योगों का एक संक्षिप्त विवरण दीजिए। **4**

*Give a brief account of industries based on the raw material.* **4**

19. चतुर्थक क्रियाकलापों की व्याख्या कीजिए। **4**

*Explain the quaternary activities.* **4**

20. साझा सम्पत्ति संसाधनों पर एक टिप्पणी लिखिए। **4**

*Write a note on Common Property Resources.* **4**

21. भारत में कपास की खेती पर एक संक्षिप्त टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए। **4**

*Present a brief note on cotton cultivation in India.* **4**

22. भारत के प्रमुख औद्योगिक प्रदेशों का उल्लेख कीजिए। **4**

*Mention the major industrial regions of India.* **4**

## [ विस्तृत उत्तरीय प्रश्न ]
## [Long Answer Type Questions]

23. ग्रामीण बस्तियों की समस्याओं की विवेचना कीजिए। **6**

**अथवा / OR**

अन्तरराष्ट्रीय व्यापार में पनामा एवं स्वेज नहरों के योगदानों की व्याख्या कीजिए। **6**

*Discuss the problems of rural settlements.* **6**

*OR*

*Explain the contributions of Panama and Suez canals in the international trade.* **6**

24. भारत के प्रमुख औद्योगिक प्रदेशों का वर्णन कीजिए। **6**

**अथवा / OR**

इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र के विशेष संदर्भ में सतत् पोषणीय विकास के उपायों की विवेचना कीजिए। **6**

*Describe the major industrial regions of India.* **6**

*OR*

*Discuss the measures of sustainable development with special reference to Indira Gandhi Canal Command Area.* **6**

## [ मानचित्र कार्य ]
## [Map Work]

25. भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये तथा उनके नाम भी लिखिए : **1 × 5 = 5**

(i) भारत का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य **1**

(ii) केरल की राजधानी नगर **1**

(iii) नीलगिरि पहाड़ियाँ **1**

(iv) पारादीप पत्तन 1

(v) पुष्कर झील 1

*Show the following by suitable symbols in the given outline map of India and write their names also:* **1 × 5 = 5**

(i) State having the highest density of population in India. **1**

(ii) Capital city of Kerala. **1**

(iii) Nilgiri Mountains. **1**

(iv) Paradwip Port. **1**

(v) Pushkar lake. **1**

**[ केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर ]**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए। **1 × 5 = 5**

(i) भारत के सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए। **1**

(ii) केरल की राजधानी वाले नगर का नाम लिखिए। **1**

(iii) नीलगिरि पहाड़ियाँ कहाँ अवस्थित हैं ? **1**

(iv) पारादीप पत्तन जिस राज्य में है उसका नाम लिखिए। **1**

(v) पुष्कर झील जिस राज्य में है उसका नाम लिखिए। **1**

*[ Only for Visually Impaired candidates in the place of Question No. 25 ]* **1 × 5 = 5**

*Instruction: Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use map.*

(i) Write the name of the state having the highest density of population. **1**

(ii) Write the name of the capital city of Kerala. **1**

(iii) Write the location of Nilgiri Mountains. **1**

(iv) Write the name of the state where Paradwip port is situated. **1**

(v) Write the name of the state where Pushkar Lake is situated. **1**

26. विश्व के दिए गए रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों द्वारा दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए : **1 × 5 = 5**

(i) अर्जेन्टीना की राजधानी नगर **1**

(ii) टांगानिका झील **1**

(iii) ग्रेट डिवाइडिंग रेन्ज **1**

(iv) अरल सागर **1**

(v) मिसीसिपी नदी **1**

*Show the following by suitable symbols in the given outline map of the world and write their names also:* **1 × 5 = 5**

(i) The capital city of Argentina. **1**

(ii) Lake Tanganyika. **1**

(iii) The Great Dividing Range. **1**

(iv) The Aral Sea. **1**

(v) The Mississippi River. **1**

**[ केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर ]**
**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए। **1 × 5 = 5**

(i) अर्जेन्टीना की राजधानी वाले नगर का नाम लिखिए। **1**

(ii) टांगानिका झील की अवस्थिति जहाँ है उसका नाम लिखिए। **1**

(iii) ग्रेट डिवाइडिंग रेन्ज जहाँ स्थित है उसका नाम लिखिए। **1**

(iv) अरल सागर जिस महाद्वीप पर स्थित है उसका नाम लिखिए। **1**

(v) मिसीसिपी नदी जिस महाद्वीप पर प्रवाहित होती है उसका नाम लिखिए। **1**

*[ Only for Visually Impaired candidates in the place of Question No. 26 ]* **1 × 5 = 5**

*Instruction: Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use map.*

(i) Write the name of the capital city of Argentina. **1**

(ii) Write the location of Tanganyika Lake. **1**

(iii) Write the name where the Great Dividing Range is located. **1**

(iv) Write the name of the continent, where Aral Sea is situated. **1**

(v) Write the name of the continent where Mississippi River is flowing. **1**